दिनांक 19 जून 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध होर्डिंग एवं पोस्टर को हटाने भिलाई ने चलाया अभियान, आकाश गंगा मार्केट क्षेत्र में हुई कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध होर्डिंग व पोस्टर को हटाने आज कार्यवाही की गई। भिलाई निगम की टीम ने 12 स्थानों से छोटे एवं बड़े बोर्ड , होर्डिंग्स को हटाया। भिलाई निगम क्षेत्र को साफ सुथरा एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि आयुक्त रोहित व्यास के सख्त निर्देश के बाद सड़क किनारे अवैध रूप से लगे पोस्टर एवं होर्डिंग को हटाने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त ने भिलाई निगम क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए बिना कोई परमिशन के सार्वजनिक स्थानों में लगाए गए बैनर , पोस्टर को हटाने के निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में जोन 1 की टीम ने कार्यवाही की है। जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू ने बताया कि निगम क्षेत्र में लगे हुए अवैध होर्डिंग्स तथा कई स्थानों पर दुकानदारों के द्वारा अतिरिक्त रूप से शेड बढ़ाकर दुकान संचालित करने पर उन्हें अपने दायरे में ही दुकान संचालित करने हिदायत दी गई थी, बावजूद नहीं मानने वालों पर कार्रवाई की गई। आवागमन में सुविधा बनाने तथा शहर सौंदर्यीकरण के लिए अवैध होर्डिंग आदि को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। आज की कार्यवाही में जोन आयुक्त राजेंद्र नायक के निर्देश पर धीरज साहू एवं राजस्व विभाग की टीम तथा तोड़फोड़ विभाग की टीम मौजूद रही।